
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831








हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 142 • • अप्रेल, 2017 • • मूल्य : 20/- •



## महात्मा ज्योति बा फूले

की 190वीं जयंति पर शतः शतः नमन

### महात्मा ज्योति बा फूले द्वारा रचित मानव कल्याण की प्रार्थना

प्रभु तुने अंतरिक्ष में अनंत,
अनगिनत सूर्यमण्डल बनाकर
इस पृथ्वी पर प्राणी भी बनाये
और तुने मुझे भी इंसान बनाकर
मुझमें विवेकशील बुद्धि दी,
उससे मैंने तेरी आज्ञा के अनुसार
सत्य का नित् स्मरण कर
व्यवहार किया, यह तू जानता है।
इसलिए है प्रभु ! तू मुझे स्वीकार करेगा।
ऐसा मुझे पक्का विश्वास है,
और इस तरह से जो बाकी
सब मानव भाई बहिन
सच्चे आचरण से व्यवहार करेंगे,
उनको भी तू निःसंदेह स्वीकार करेगा
तेरी सत्य सत्ता निरंतर बढ़ती ही रहे।

महात्मा फूले पृष्ठ सं. 520 महाराष्ट्र सरकार का प्रकाशन



विद्या बिन गई मति,
मति बिन गई गति।
गति बिन गई नीति,
नीति बिन गया वित्त।
वित्त बिन चरमराये शूद्र,
एक अविद्या ने
किये कितने अनर्थ।



फुले स्मारक




## जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां





भारतीय नववर्ष प्रतिप्रदा के स्वागत करते समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी





नारायण सेवा समिति एवं आर्य समाज महर्षि पाणिनि नगर के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी पर आयोजित भव्य शोभायात्रा के दृश्य

### आर्य समाज ने धूमधाम से मनाया नव वर्ष

जोधपुर। गोकुलजी की प्याऊ स्थित आर्य समाज मंदिर, महर्षि पाणिनी नगर एवं नृसिंह जी प्याऊ मार्केट एसोसियेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय नव वर्ष बड़ी धुमधाम से बनाया गया। आर्य वीर दल कं संचालक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. महेश परिहार ने बताया कि प्रात: 8 बजे भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा का स्वागत यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा शिवराम आर्य व गजेन्द्र सिंह थे। तत्पश्चात स्थानीय माँ शारदा स्कूल, सत्यम ग्रेट सत्यम स्कूल, जे.बी.एम. स्कूल के विद्यार्थियों ने आर्य समाज के नेतृत्व में नृसिंह चौराहा पर हजारों राहगीरों व आमजनों का तिलक लगा मुँह मीठा कराकर नववर्ष की शुभकामनाऐं दी एवं लोगों के वाहनों एव घरों पर ऊँ का झण्डा लगाया। यज्ञ के पश्चात सर्वजन की मंगल कामना हेतु श्रीमती संतोष आर्य व ललिता आर्य द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। सेवाराम आर्य ने भारतीय नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि एवं फल सब्जी मण्डी डायरेक्टर श्री राकेश परिहार थे।

आमंत्रित अतिथियों में पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, श्री किशनलाल आर्य, श्री माली महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, पार्षद श्री किशोर सिंह टाक, मनोहर सिंह सांखला इत्यादि प्रबुद्धजन का स्वागत प्रधान कैलाश चंद्र आर्य, मार्केट अध्यक्ष श्री जगदीश देवड़ा, श्री भंवरलाल कुमावत, श्री अशोक देवड़ा, श्री चंद्रशेखर परिहार, श्री गौरव सोनी, श्री मदनलाल तंवर श्री जयसिंह गहलोत आदि ने किया। सभी को माल्यार्पण कर केशरिया दुपट्टा पहनाया गया। मंत्री श्री शिवराम ने मंच संचालन किया एवं डॉ. महेश परिहार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

●वर्ष :11● ● अंक 142● ● 30 अप्रेल, 2017 ● ● मूल्य : 20/- प्रति

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## आगामी सामाजिक आयोजन

**शुक्रवार, दिनांक 28 अप्रेल, 2017**
चतुर्थ माली (सैनी) आदर्श
सामूहिक विवाह सम्मेलन
ग्राम पंचायत नौगांव, गंगापुर सिटी

**शनिवार, दिनांक 29 अप्रेल, 2017**
9वाँ सामूहिक
विवाह सम्मेलन
नागदा जिला - धार ;मध्य प्रदेशद्ध

**रविवार, दिनांक 30 अप्रेल, 2017**
महात्मा ज्योति बा फूले मूर्ति
अनावरण समारोह
सैनी छात्रावास, आलनपुर,
सवाई माधोपुर

**बुधवार, दिनांक 3 मई, 2017**
जननायक श्री अशोक गहलोत
जन्मोत्सव आयोजन
विभिन्न स्थानों पर रक्तदान एवं
सामाजिक सरोकार के शिविर

**रविवार, दिनांक 7 मई, 2017**
द्वितीय वार्षिकोत्सव एवं शिक्षा
जागृति सम्मेलन एवं मूर्ति अनावरण
माली समाज छात्रावास,
जी. के. गोवाणी राजकीय
महाविद्यालय के पीछे, भीनमाल

**रविवार, दिनांक 7 मई, 2017**
हाड़ौती श्री फूल माली समाज
तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन
ग्राम भैरूपुरा(बाघेर)
तह. खानपुर जिला-झालावाड़

**मंगलवार, दिनांक 9 मई, 2017**
श्री फूल मालियान समाज 23वाँ
सामूहिक विवाह सम्मेलन
कवाई, सालपुरा तह.
अटरू जिला बारां

**मंगलवार, दिनांक 9 मई, 2017**
माली समाज धर्मशाला 15वाँ
वार्षिक एवं शिक्षा जागृति सम्मेलन
माली समाज विकास संस्थान,
सुंधा पर्वत, राजपुरा जालोर

**मंगलवार, दिनांक 9 मई, 2017**
माली समाज का 7वाँ नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन
श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, संतोष आश्रम, सोजत सिटी

**समाज के सभी वर्ग इन सभी सामाजिक आयोजनों में उपस्थित हो एकता एवं समरसता का परिचय दें।**

# समाज का इतिहास....

**( समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी - पार्ट 3 )**

## माली जाति की उत्पति . .

इतिहासविद्
**स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....**



**मनीष गहलोत**

क्षत्रियों व वैश्यों द्वारा बौ) धर्म ग्रहण करने के बाद उनके वैदिक संस्कार लुप्त हो गये थे और वे अपने गोत्र तक भी भूल चुके थे । अत: जब वे लोग वैदिक धर्म में वापस आए तब उन्होंने नये सिरें से पुरोहित बनाए और उन्हीं के गोत्र, उनके यजमानों के ही गोत्र मान लिए गए। इतिहासकारों की भी यहीं मान्यता है। इतना हो जाने पर भी काफी क्षत्रिय वंश बौ) धर्म में ही रहे। तब इन्हें बौ) धर्मावलम्बी क्षत्रियों से अलग बतलाने के लिए उन क्षत्रियों के बदले उन्हें 'राजपुत्र' सम्बोधित करना आरम्भ कर दिया गया। इन्हें उनसे श्रेष्ठ सि) करने का प्रयत्न भी किया गया। वैसे 'राजन्य' शब्द पहले से ही क्षत्रियों के लिए प्रयुक्त होता आ रहा था। अब उन्हें क्षत्रिय के स्थान पर 'राजन्य' ही कहा जाने लगा। जब संस्कृत की जगह प्राकृत भाषा का प्रचार हुआ, तब राजन्य शब्द के लिए एक अन्य पर्यायवाची शब्द राजपुत्र का अपभ्रंश रूप राजपूत चलित हो गया ।

चार क्षत्रियकुलो- प्रतिहार, चौहान, चालुक्य व परमार को बौ) धर्म से वैदिक धर्म में लाना एक महान् सफलता थी लेकिन उसे सयम भी अधिकांश क्षत्रियवर्ग बौ) धर्म में ही थे। अब तत्कालीन ;षि इस कार्य में जुट गये कि शेष क्षत्रियों व वैश्यों को वापस बौ) धर्म से वैदिक धर्म में लाया जाए। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कार्य आदि गुरू शंकराचार्य का था जिन्होंने भारत से करीब-करीब बौ) धर्म में वापस आने पर ;षियों ने चार अग्निवंशी तथा 32 और प्रमुख वंशों को मिलाकर क्षत्रिय समाज में 36 कुलों की एक नई परम्परा स्थापित की जो अभी तक चली आ रही है।

इन 36 कुलों की सूची इस प्रकार है - सूर्यवंश- 1. कच्छवाहा, 2. राठौड़, 3. गुहिलोत, 4. हुल, 5. प्रतिहार, 6. परिहार, 7. चौहान, 8. देवड़ा, 9.जेठवा और 10. निकुम्भ। चन्द्रवंश-11. चालुक्य, 12. तंवर, 13. गोहिल, 14. गुर्जर, 15. कलचुरी, 16. रोसजुज, 17. रमारद्धपंवारत्र, 18. चापोत्कट (चावडा), 19. यादव, 20. यौतिक(यौधेय), 21. मकवाना(झाला), 22. शिलाहर, 23. चन्देल,

अन्य वंश-26. टाक, 27. दहिमा, 28. दहिया, 29. अभीयर (आभीर), 30. सैंधव, 31. राजपाल, 32. कोटपाल (कोटकुल), 33. हरिवट, 34. मट, 35. कवितिय, 36. अनिग (अनग)।

वि. सं. 1205 (ई.सन् 1148) में रचित कल्हण की 'राजतंरगिणी' में सबसे पहले 36 कुलों का उल्लेख हुआ हैं। यह सूची पूर्णयता सही नहीं है। पृथ्वीराजरासों में भी सूची दी गई है जो इससे कुछ भिन्न है। कर्नल टाड ने अपने इतिहास में 5 सूचियाँ प्रकाशित की हैं इन सूचियों में नाम भिन्न होते भी उनकी संख्या 36 ही बतलाई गई हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वस्तुत: मूल वंश सूर्य व चन्द्रवंश ही है। कालान्तर में इन्हीं वंशों से विभिन्न कुल निकले।

क्षत्रिय सेनाओं का विघटन और उनका धन्धापरिवर्तन बौद्ध धर्म से वैदिक धर्म में आ जाने के पश्चात् ही क्षत्रियों को विदेशी शक्तियों से सामना करना पड़ा और दुर्भाग्यवश हमारी क्षत्रिय सेनाओं को कई बार हारना पड़ा। विजेता सदा पराजित राज्य की सेना का विघटन करता है। जैसे प्रथम महायुद्ध (1914-18) में हारने वाली जर्मन सेना व द्वितीय महायुद्ध (1939-1945) में हारने वाली जापानी सेना का विघटन हुआ। यही हाल पराजित आर्यसेनाओं के क्षत्रियों का हुआ। इस कारण इन क्षत्रियों को सैन्य कर्म छोड़कर अपनी जीविका के लिए अन्य धन्धे अपनाने पड़े। क्षत्रियों के लिए धर्मशास्त्रकारों ने यह व्यवस्था दी थी कि संकटकाल में वे अपने से निम्न वर्ण के कर्म अपना सकते हैं। कभी-कभी ऐसी स्थिति भी होती थी कि व्यक्ति अपने वर्ण के कर्म करते हुए भी अपने परिवार का पोषण न कर सकने में असमर्थ होता था, तब वह अपनी आजीविका चलाने के लिए दूसरे वर्ण के कार्य करने लगता था। गौतक के अनुसार जीविकोपार्जन के निमित्त क्षत्रिय वर्ण वैश्य कर्म अपना सकता था-

**राजन्यो वैश्यकर्म। प्राणसंशये राजन्यो कर्माददीत् तेनात्यान् रक्षेत** **क्रमश :........**

# कृतज्ञ राष्ट्र ने धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योति बा फूले की 190 वीं जयंति, देश भर में हुए आयोजन






**जयपुर।** महात्मा ज्योति का फूले की 190 जन्म जयंती के अवसर पर सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं ने कई धार्मिक सास्कृतिक कार्यक्रम रखे। जयंती पर विद्याधर नगर संस्था भवन, ज्योति बा फूले सर्किल और मुहाना मण्डी समेत कई जगहों पर जन्मोत्सव के कार्यक्रम रखे गए। जिसमें मुख्य अतिथि श्री प्रभुलाल सैनी थे, उन्होंने ज्योति बा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उधर महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से विद्याधर नगर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में संस्थान के नीलम कुमार, उपाध्यक्ष श्री छुट्टनलाल सैनी व श्री बिरदीचंद सैनी तथा आयोजन यमिति के सदस्य श्री ओम राजोरिया के मुताबिक शिक्षा के क्षेत्र में 90 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री किशोर सिंह गहलोत रहे। इसी तरह जयपुर माली सैनी विकास संस्था की ओर से फूले जयंती पर प्रभातफेरी निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष श्री रमेश फरमे वाले की अगुवाई में पोलो ग्राउण्ड के पास से रवाना हुई। इसे कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने रवाना किया। जिसमें कई स्कूलों व शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राऐं शामिल हुए। ये लोग ज्योति बा फूले व सावित्री बाई फूले के सामाजिक व शैक्षणिक योगदासन के नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फैरी विभिन्न मार्गो से होते हुए 22 गौदाम स्थित महात्मा ज्योति बा फूले सर्किल पहुंची।

**सिरोही :** माली समाज छात्रावास में मंगलवार को ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर माली समाज के सभी युवाओं ने महात्मा ज्योति बा फूले के जयकारे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सभापति ताराराम माली ने महात्मा ज्योति बा फूले के शिक्षा के क्रांतिकारी कदम को 36 वर्ग का बताया व समाज को शिक्षा लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य पुखराज गहलोत ने समाज एकता व बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाकर समाज संगठन व राजनैतिक भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया।

जिलाध्यक्ष जगदीश माली ने बताया कि समाज के ज्योति बा फूले ने नारी शिक्षा को महत्व देते हुए 125 वर्ष पूर्व पहले अपनी पत्नी को शिक्षित कर देश में नाम रोशन किया व नारी शिक्षा को बढ़ावा दिलाया। कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष गोपाल माली, शरद टांक, छगन माली, मदन माली, मदन माली पोसालिया, फूलाराम जावाल, प्रतापराम माली अध्यक्ष माली समाज ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर महेन्द्र एन माली, प्रवीण माली, राजू माली, मुकेश माली, भंवर माली, कपूर माली, संजय माली, खुशवंत माली, हितेश माली, भुवेश माली, जीतू माली, महेन्द्र माली, योगेश माली एवं माली समाज के लोग मौजूद थे।

**आबू रोड :** सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। कार्यवाहक प्राचार्य रंजना जैसवाल, डॉ. सम्पूर्णानन्द राकेचा, डॉ. मंजू एवं छात्रसंघ अध्यक्ष किशोर माली ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। इस मौके छात्र नेता नरेश विश्नोई, मुकेश, ओमप्रकाश गहलोत, मेवाराम, रवि परमार, अशोक सैन, अशोक प्रजापत, लक्ष्मणसिंह, राहुल सैन एवं प्रवीण कोली मौजूद थे।

**सरवाड़ :** कस्बे में फूल मालियान सैनी समाज की ओर से समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में सीताराम मन्दिर से वाहन रैली निकाली गई जो सांपटा गैट, कुवाडियों का मौहल्ला, सदर बाजार होते हुए सब्जी मण्डी पहुंची जहां आयोजित समारोह में महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पुष्प माला पहनाई गई। समारोह में फूल माली समाज अध्यक्ष मांगीलाल माली व शंभु गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सुधार व सामज को संगठित करने में फूले ने अपने जीवन का अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने समाज के लोगों से उनके विचारों एवं पदचिन्हों पर चलते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने पर ही समाज का उत्थान हो सकता है। शिक्षित होने पर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में मरीजों का फल वितरित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम में मांगीलाल माली, सुरजमल महावर, आनन्दीलाल, रामस्वरूप गहलोत, शंभु गहलोत, धर्मीचन्द, प्रताप गहलोत, त्रिलोक पारोता, गोविन्द गहलोत, सत्यनारायण माली, कालु मारोटिया, दीपक झाडोलिया, गणेश बडीवाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

**विजयनगर :** महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर मंगलवार को स्थानीय माली समाज की ओर शोभायात्रा जागृति रैली के रूप में निकाली गई। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय के साथ स्वागत किया गया। माली सैनी समाज नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में बैण्ड बाजों व ढोल नगाड़ों की मधुर स्वर लहरियों के बीच शोभायात्रा, लक्ष्मीनारायण मन्दिर से प्रारंभ हुई जो शिव मन्दिर, महावीर बाजार, पीपली चौराहा, ब्यावर रोड होते हुए नाडी मौहल्ला स्थि माली समाज भवन पहुंची। शोभायात्रा में झांकिया विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में समाजसेवी पूर्व पार्षद ओमप्रकाश माली, महावीर नागणवा, दिनेश टांक, गोपाल माली, दौलत गहलोत, राजेन्द्र गहलोत सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

**रामसर :** कस्बे के सांड चौराहे के पास मालियान गार्डन में फुल मालियान विकास समिति के सदस्यों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीरूलाल बागड़ी अध्यापक, अध्यक्षता नाथु महावर तथा समिति के सचिव


भीलवाड़ा


जोधपुर

कंवरलाल माली कोषाध्यक्ष गोपाल माली थे। अध्यापक गोपाल माली ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। सांवरलाल माली, कैलाश माली, रमेश सिसोदिया, धन्नाराम चागवाल, रामसिंह हरिओम महावर, भोमाराम माली सहित समाज के अनेक बंधु मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गोपाल माली ने किया।

**सावर :** जहाजपुर गेट पर फूल मालियान समाज ने सामाजिक प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फूले की 190वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस दौरान समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन वृंत पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाज के कन्हैयालाल माली (टेलर), रतन काका कंडेक्टर, भंवरलाल मास्टर ने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। शिक्षाविद् मदनलाल सैनी मास्टर ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन संघर्ष विस्तार से प्रकाश डाला।

**मसूदा :** महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर स्थानीय माली समाज द्वारा मालियान हथाई पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान फुल माली नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष लक्ष्मण लाल माली ने महात्म फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को नेनू लाल चांगवाल, ओमप्रकाश दग्दी, प्रकाशचन्द, बिरदीचंद माली, उंकारलाल, सांवरलाल, जितेन्द्र सैनी ने भी महात्मा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को बंद करने पर जोर दिया। इस दौरान मण्डल द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

**श्रीनगर :** माली समाज श्रीनगर की ओर से माली मोहल्ला शिव मन्दिर पर महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर सैनी समाज अध्यक्ष मेघराज सैनी ने दीप प्रज्जवलित किया। सैनी ने इस अवसर पर उपस्थित समाज के युवाओं को महात्मा ज्योतिबा फुले के बताये आदर्शो पर चलने तथा समाज में शिक्षा की पहल को आगे बढ़ाने का आव्हान किया। इस अवसर पर मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर उपसरपंच देवकरण माली, राजकुमार माली, प्रहलाद माली, कैलाश माली, राजकुमार माली, रोडू माली, नत्थू माली, रूपचंद माली, धनराज माली, कमल माली, सीताराम माली, विनोद माली, अनिल माली आदि युवा मौजूद थे।

**नीम का थाना :** धोली डूंगरी स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले आवासीय शिक्षण संस्थान में ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक पूरणमल सैनी थे। एएसपी दिली सैनी, मंजू सैनी, प्रधान सिक्कोदेवी, बार एसोसियेशन अध्यक्ष बंटेश सैनी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के अलावा बेटी बचाने पर भी जोर दिया गया। बनवारी लाल उपजिला प्रमुख झुंझुंनू, ताराचंद सैनी, मुरलीधर, बुद्धिप्रकाश, संतोष, कैलाश आदि लोग उपस्थित थे।

**पाटन :** महात्मा ज्योतिबा फूले युवा सेवा समिति द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नेमीचंद सैनी, पुरषोत्तमलाल सैनी, बुद्धाराम सैनी मौजूद थे।

श्री माधोपुर। महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती सीताराम सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई। समिति अध्यक्ष नानूलाल सतरावल ने कहा कि फूले ने महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए अनेक कार्य किये गए। इस दौरान पूर्व बीईडीओ साधूराम, राजू बागवान, गणेश सैनी, मक्खन लाल प्रवीण शर्मा, मुकेश अग्रवाल, पीडी सैनी आदि मौजूद थे।

**लक्ष्मणगढ़ :** स्थानीय अंबेडकर भवन में ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। गणेश चौहान ने बताया कि शिक्षक संघ के अध्यक्ष महावीर रोलन की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मेघ सेना के जिलाध्यक्ष सज्जन हाफास, मूलचन्द महरिया, सुभाष मदनपुरा, विजय चौहान सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

**रामगढ़ शेखावाटी :** सैनी समाज सेवा समिति द्वारा कलयाण मन्दिर में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। संस्था मंत्री राधेश्याम चूनवाल ने बताया कि अध्यक्षता गोविन्द प्रसाद तंवर ने की। मुख्य अतिथि प्रहलादराय पडियार थे। समारोह को गोविन्दप्रसाद तंवर, विनोद कुमार किरोडीवाल, गोकुलप्रसाद सैनी सहित वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष भंवरलाल तंवर, मंत्री राधेश्याम


कोटा


टौंक





चूनवाल, विष्णुप्रसाद बागवान, सत्यनारायण तंवर, कन्हैयालाल राकसिया, नंदलाल बागवान, मदनलाल तंवर, सम्पतकुमार मिटावा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। समारोह में हनुमान जयंती भी मनाई गई।

**नागौर :** ताउसर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर ज्योतिबा फूले की 190 वी जयंती मनाई गई। मां शारदा विद्या मन्दिर ताउसर के प्रधानाध्यापक भगवाराम तंवर एवं विद्यालय के विशिष्ट आचार्य कानाराम फिड़ौदा, चेलाराम जाखड़ एवं मंजू देवड़ा ने ज्योतिबा फूले की प्रतिमा को माला पहनाई। भगवानाराम ने कहा कि ज्योतिबा फूले ने सतीप्रथा और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को मिटाने का प्रसाय किया। तिलोकचंद देवड़ा ने कहा कि सैनी समाज को जागरूक करने में फूले की महत्वपूर्ण भूमिका है। हुकमीचंद भाटी, सुरेश हार्डवेयर, सतीश देवड़ा और श्रवण सहित समाज के कई लोग मौजूद थे। इसी प्रकार फूले जयंती पर भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ की ओर से अनाथ आश्रम चोखा घर में बच्चों को मिठाई व फल का वितरण किया गया। चोखो घर अधीक्षक एवं गृहमाता लीला जोशी ने बताया कि प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक गहलोत, ओमप्रकाश सांखला, जिला मीडिया प्रभारी पदम सारस्वत, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रतीक पारीक, सुनील मिश्रा, नरेश परिहार, आनन्द रांकावत, अविनाश बिंजावत, निखिल पारीक, विनोदकुमार माली, मनीष कच्छवाह, भवानीशंकर सांखला, वेदप्रकाश सांखला, हरीश परिहार और विकास लखारा आदि मौजूद थे। वहीं ज्योतिबा फूले हनुमान बाग विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम महामण्डलेश्वर कुशाल गिरी जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व पालिकाअध्यक्ष जीवणमल भाटी, बिरदीचंद सांखला, एक्सईएन, राजेश शर्मा, सुखराम सोलंकी, खींवसिंह सोलंकी, पूर्व सरपंच भंवरलाल सांखला, रोडाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।

**लाडूनं :** कस्बे के सैनी अतिथि भवन में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। इस दौरान थानाधिकारी नागरमल कुमावत ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले केवल एक व्यक्ति विशेष ही नहीं थे। बल्कि वे एक सम्पूर्ण विचारधारा के रूप में पढ़ना चाहिए और हमारे सभी पाठ्यक्रमों में इस संबंध में चैप्टर शामिल किये गए। सैनिक क्षत्रिय सभा संस्थान के अध्यक्ष बख्सूराम सांखला की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस सभा के विशिष्ट अतिथि भंवरलाल सैनी के विशिष्ट अतिथि भंवरलाल सैनी व महालचंद टाक ने महात्मा ज्योतिबा फूले के स्वपनों के अनुकुल समाज रचना की आवश्यकता बताई व उनके आदर्शो को अपनाने का आव्हान किया।

**खीवंसर में युवाओं ने किया 90 यूनिट रक्तदान :** खींवसर कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फूले की 190वी जयंती के मौके पर अपैक्स स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक रणवीरसिंह रावणा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने गरीबों, अनाथों व निचले तबके के परिवारों के उत्थान के लिए संघर्ष कर लम्बी लड़ाईया लड़ी। फूले के संघर्ष से गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर तहसीलदार विशनाराम देवड़ा, थानाप्रभारी गंगाराम विश्नोई ने सम्बोधित किया। रक्तदान शिविर व जयंती आयोजन समिति अध्यक्ष जगदीश कच्छवाह ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले के संघर्ष से प्रेरणा लेकर कस्बे सहित आसपास के गांवों से 90 युवाओं ने मानव जीवन के हितार्थ में रक्तदान किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ महात्मा ज्योतिबा फूले बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर बीडीओ शर्मिला छल्लाणी, तहसीलदार व थानाधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेके सैनी ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान करने वालों को एसडीएम द्वारा जारी मोमेन्टो व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल व जोधपुर के उम्मेद अस्पताल की टीमों ने रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर सरपंच सरोज भाटी, कांग्रेस जिला सचिव भगवत देवड़ा, युको बैंक शाखा प्रबंधक ओंकाराम टाक, प्रेमकुमार प्रजापत, रामनिवास प्रजापत, डॉ. जितेन्द्र यादव, उम्मेदसिंह, राजेश सैनी, पृथ्वीसिंह मेघवंशी, प्रेमसुख तंवर, माली समाज पूर्व अध्यक्ष बीरमाराम गहलोत, रामपाल प्रजापत, गोपालराम राव सहित कई ग्रामीण व्यक्ति मौजूद थे।


सोलापुर


अजमेर

**जोधपुर :** महात्मा ज्योतिबा फूले की 190वीं जयंती का आयोजन भव्य रूप से माली संस्थान एवं सहयोगी संस्थाओं के द्वारा फूले पार्क पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। इसमें महापोर श्री धनश्याम ओझा, पूर्व विधायक श्री जुगलकाबरा, पूर्व राजसिको अध्यक्ष श्री सुनिल परिहार, अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, पूर्व शहर अध्यक्ष भाजपा श्री नरेन्द्र कच्छवाह, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, पूर्व अध्यक्ष आरपीएससी श्री श्यामसिंह टाक, पार्षद श्री अरविन्द गहलोत, श्री किशोरसिंह टाक, शहर अध्यक्ष कांग्रेस महिला श्रीमती मनीषा पंवार, देहात श्रीमती संगीता बेनीवाल, कुंती देवडा, रेखा लोहिया, श्री अमरसिंह गहलोत, श्री जसवंतसिंह कच्छवाहा, श्री जयंत सांखला सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि थे। इस अवसर पर पूर्व राजसिको अध्यक्ष श्री सुनिल परिहार ने ज्योतिबा फूले की नीतियों, पिछडा वर्ग एवं महिला शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयासों को विस्तार से बताते हुए समाज को अनुसरण करने का आव्हान किया। उन्होंने विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काफी काम किया। शिक्षा के पिछडापन दूर करना, शिक्षा ही महिला के लिए उत्थान का मार्ग बताया। सभी वर्गों की सेवा करके महात्मा फूले के संदेश को सार्थक बनावें।

**अजमेर :** महात्मा ज्योतिबा फूले की 190 वीं जयंती पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। अखिल भारतीय महात्मा ज्योतिबा फूले समता परिषद के तत्वावधन में माली समाज की विभिन्न संस्थाओं, संगठन और राजनीतिक दलों ने मंगलवार को अजमेर क्लब स्थित ज्योतिबा फूले सर्किल स्थित महात्मा की प्रतिमा पर माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह 9 बजे सामाजिक क्रांति के अग्रदूत एवं दलितों के मसीहा व नारी शिखा के प्रेरक महात्मा की प्रतिमा माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर परिषद के अध्यख पूनम चंद मारोठिया, महापौर धर्मे गहलोत, एडीए अध्यक्ष शिव शंकर हेड़ा, जिला प्रमुख वंदना नौगिया, शहर जिलाध्यक्ष विजय जैन, महेन्द्र सिंह रलावता, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, हेमंत भाटी, शहर महिला अध्यक्ष सबा खान, पार्षद गणेश चौहान, महेन्द्र जादम, संतोष मौर्य, गोपाल चौहान, विजयसिंह गहलोत, हनीश मारोठिया, चंद्रेश सांखला मौजूद थे।

पूनमचंद ने बताया कि शाम को रेलवे बिसिट से वाहन रैली का आयोजन कियां यह रैली मदार गेट, नया बाजार, कचहरी रोड़, फब्बार सर्किल, होते हुए महात्मा ज्योति बा फूल सर्किल पर संपन्न हुई। इसके बाद अखिल भारतीय महात्मा फूले समता परिषद की और से महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के छौरान 1100 दीपदान किया गया। इसके बाद अतिशबाजी की गई। सर्किल पर विचार गोष्ठी का भी अयोजन किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष हनीश मारोठिया सहित अन्य अतिथियों विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रेम सोलंकी, धर्मेद्र टाक, जितेन्द्र मारोठिया, दिलीप पीलकन्या, सुभाष गहलोत, दिलीप गढ़वाल, संदीप तंवर, गौरव टांक, राजेन्द्र मौर्य, प्रदीप कच्छावा, राजेश गढ़वाल, राजेश भाटी, चांदमल टांक, शारदा मालाकार, सुनीता चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

**रक्तदान शिविर का अयोजन :** पूर्व पार्षद महेन्द्र तंवर ने बताया कि फुले जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में संग्रहीत 128 यूनिट ब्लड जेएलएन अस्पताल की जोनल ब्लड बैंक को डोनेट किया गया। शिविर को शुभारंभ मेयर धर्मेंद्र गहलोत ने किया। कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के 101 बुजुर्गो को सम्मानित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान प्रगति केन्द्र अजमेर जिला संस्थान अध्यक्ष मेवालाल जादम, सचिव रविशंकर आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह टांक के नेतृत्व में ज्योतिबा फुले सर्किल पर शाम को दीपदान किया। महासभा के जिलाध्यक्ष शिव मालाकार सैनी, उपाध्यक्ष मनीष मारोठिया, महासचिव एवं प्रवक्ता अभिषेक सैनी, संगठन मंत्री विधांशु भाटी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अजमेर नगर जनहित विकास सेवा समिति के कार्यकारी पदाधिकारी द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह पर पन्नालाल भाटी, बजरंग लाल सैनी, अजीत टांक, रामदेव चौहान, बलबीर सिंह खंगारोत, भंवरलाल पालड़िया, मनोहर भाटी, हेमराज सैनी, गिरीराज कच्छावा, अविनाश टांक आदि ने फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पाजलि अर्पित की। अजमेर जिला माली सैनी सामूहिक विवाह समिति के सछस्यों ने मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माली सैनी संस्थान, केसर निकेतन, नयाघर, गुलाबबाड़ी की और से दीपदान किया गया।

**कांग्रेसी पार्टी ने भी मनाई फुले जयंती :** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की और से शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अजमेर क्लब के समीप स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर फूलेजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी। इस मौके पर पीसीसी सचिव महेन्द्रसिंह रलावता, डॉ. राजकुमार जयपाल, हेमंत भाटी, महेश चौहान, सबा खान।

**बर :** ग्राम के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 पाबुदेवरा के निकट महात्मा ज्योतिबा फूले माली सैनी शिक्षण संस्थान पर मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की 190वीं जयंती संस्थान अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी के नेतृत्व में मनाई गई। इस मौके पर फूले समता परिशद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फूले ने कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। समाज से ही समाज में फेली कुरीतियों और बुराईयों को मिटाया जा सकता है। ज्योतिबा फूले हर समाज के आदर्श है। संस्थान अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी ने समाजोत्थान के लिए युवाओं को आगे आने का आव्हान किया। इस मौके पर नाथु सोलंकी, एडवोकेट ललित, कन्हैयालाल चौहान, पुखराज बागड़ी मांगीलाल सुथार, सोहनलाल तंवर, मांगीलाल सांखला, चन्द्रराम महेन्द्र योगेन्द्र गहलोत, रतनलाल बागड़ी, गणपतलाल बागड़ी, मोहनलाल बागड़ी आदि उपस्थित थे।

**सोजत :** शहर में समस्त माली समाज व फूले ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महात्मा फूले जयंती के अवसर पर जैताराणिया गेट स्थित माली समाज भवन से वाहन रैली निकाली गई। जिसको समाज अध्यक्ष ताराचंद टाक व पूर्व पालिकाध्यक्ष आनन्द भाटी द्वारा हरि झण्डी दिखाकर रवाना की गई। रैली समाज भवन से होकर धानमण्डी, सब्जी मण्डी, राजपोल गेट, महावीर सर्किल होते हुए मेला चौक स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले पार्क में पहुंची, जहां पर फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्र)ा से याद किया। इस अवसर पर चेयरमेन मांगीलाल चौहान, छात्रनेता मनी"ा पालरिया, पूर्व पा"द राजेश सांखला, जिलाध्यक्ष महेन्द्र पालरिया, अजय परिहार, प्रदेश सहसंगठनमंत्री सुरेन्द्र परिहार, कमलेश सांखला, पदमचन्द टाक, पुखराज टाक आदि मौजूद थे।

**भीनमाल :** समाज युवा संस्थान की ओर से सीानी बाबा रामदेव मन्दिर में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में छात्रावास के अध्यक्ष भारताराम सुन्देशा, पूर्व नेता अध्यक्ष जीएम परमार व नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली मौजूद थे। इस मौके छात्रावास अध्यक्ष सुन्देशा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। पूर्व नपा अध्यक्ष जीएम परमार ने ज्योतिबा फूले की ओर से बालिका शिक्षा को बढावा देने के प्रयासों की सराहा की। नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली ने फूले की ओर से जातिप्रथा व दलित शो"ाण के विरूद्ध किये गये कार्यो से अवगत करवाया। दिनेश माली ने बताया कि समाज सुधार में फूले की प्रशंसा के चलते उन्हें मुम्बई में आयोजित सभा में महात्मा की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीएल गहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सचिव मुकेश सुन्देशा ने आभार जताया। इस अवसर पर भंवरलाल सोलंकी, बाबूलाल सुन्देशा, पोलाराम सुन्देशा, सांवलाराम परमार, मंगलाराम सुन्देशा, अशोक परिहार, दीपाराम सांखला, दिनेश सांखला, सुरेश परमार, दानाराम, अशाक कुमार, जितेन्द्र सांखला, मुकेश कुमार व ओमप्रकाश सहित समाज के लोग मौजूद थे।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर महात्मा ज्योतिबा फूले व राष्ट्र की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले की ओर से समाज सुधार में किये गए सराहनीय कार्यो के लिए भारत रत्न दिलवाने की मांग की गई।

**भरतपुर :** महात्मा ज्योतिबा फूले माली समाज उत्थान समिति की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले का 189वां जन्म दिवस समारोह प्राचीन मन्दिर श्री मनकामश्वेर महादेव पर आयोजित किया गया। इस मौके पर सैनी समाज के 105 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व व्याख्याता किशनसिंह सैनी ने ज्योतिबा फूले के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। समिति

अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल सैनी ने बेटियों को पढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियां अगर पढ़ लिख जायेगी तो उससे समाज विकास की ओर अग्रसर होगा एवं सामाजिक विकास भी होगा। इस अवसर पर भीमसिंह सैनी, जगदीशसिंह सैनी राजेन्द्र सैनी ने अगले वर्ष स्वयं के खर्चे से समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज के मेधावियों को सम्मानित करने के लिए ऐसे आयोजनों को बढावा देने का आव्हान वक्ताओं की ओर से किया गया। समारोह में समाज के युवक युवतियों ने सांस्कृतिक कार्य%मों की प्रस्तुतियों देकर दर्शकों की तालियां बटोरी। वहीं विधार्थियों ने कविता पाठ के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर धर्मसिंह, रामायण मण्डल, ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायणसिंह सैनी, लालाराम सैनी, सोहनलाल सैनी, श्रीराम सैनी, रामबाबू, लीलाधर, मदनलाल सैनी, रज्जो सैनी, तुलसी सैनी, नीरज सैनी, जोगेन्द्र सैनी, लक्ष्मण सैनी एवं रामप्रसाद सैनी आदि मौजूद थे। संचालन रामभजन एवं बृजेश सैनी ने किया।

**बीकानेर :** राजस्थान सफाई कर्मचारी संघ की ओर से नगर निगम भण्डार गृह में मंगलवर को सुबह 9 बजे महिला शिक्षा व उत्थान के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गो"ठी का आयोजन भी किया गया। गो"ठी के मुख्य वक्ता श्रमिक नेता शिवलाल तेजी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के व्यक्तित्व व कृतित्व की जानकारी दी। रतनलाल चांवरिया, मंगलचन्द सर्वेटा, उमेश चांगरा, रमेश सियोता, जगदीश बंगाली आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

वहीं दूसरी ओर बीकानेर माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवन गंगाशहर रोड में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाब गहलोत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की जानकारी दी। इस अवसर पर गौरीशंकर देवड़ा, भाजपा युवा मोर्चा के निर्मल गहलोत, पंकज गहलोत, मुरली गहलोत, दिनेश कच्छावा, शहर जिला कांग्रेस के विकास तंवर, देवकिशन गहलोत, कैलाश गहलोत, आनन्द गहलोत, लक्खु गहलोत, भोजराज गहलोत आदि उपस्थित थे।

आल इण्डिया समता सैनिक दल द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पाबूबारी चौक में मनाई गई। संस्था के प्रकोष्ठ प्रभारी राजकुमार ने बताया कि भुवनेश प्रभारी राजकुमार ने बताया कि भुवनेश शौर्य ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें वंचित समाज का मसीहा बताया। महात्मा ज्योतिबा फूले माली (सैनी) समाज संस्थान के मंत्री श्यामसुन्दर भाटी ने बताया कि ज्योतिबा फूले मार्ग शिव वैली में पु"पांजलि देने मौहल्लों से लोग एकत्रित हुए। इसअवसर पर भाटी ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे दलित व जरूरतमंदों के उत्थान के लिए किये गए कार्यो के बारे में बताया।

**बानसूर :** कस्बे में मंगलवार को कोठाला कुआं पर सैनी समाज के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक उत्थान संस्थान के बैनर तले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अंतराराज्यीय जल वितरण समीक्षा सेल अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व शर्मा थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि महात्मा फुले ने गरीबों के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की तभी होगी जब देश में जात पात की प्रथा खत्म होगी। महात्मा फुले ने जातपात से ऊपर उठकर सभी वर्गो के लिए तथा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए। डॉ. शर्मा ने ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले की चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच मोतीलाल मीणा, जिला पार्षद अरविंद यादव, विकास अधिकारी विजेंद्र यादव, तहसीलदार सत्यनारायण छीपा, पूर्व उपप्रधान बालकृष्ण पुरोहित थे। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने सावित्री बाई बालिका छात्रावास की चार दीवारी का शिलान्यास किया। शर्मा ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कोटपूतली, नारायणपुर रोड़, दंगाल चौक, मुख्य बाजार होती हुई करेठाला कुआं पर पहुंची। जहां एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भामाशाह अमीचंद सैनी ने की। उन्होंने समाज को संगठित रहने पर बल दिया। संस्थान अध्यक्ष रामवतार सैनी एवं पूर्व अध्यक्ष विजय सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रामवतार सैनी की ओर से संस्थान में एक कमरा बनवाने तथा पूर्व उपप्रधान बालकृष्ण पुरोहित ने पाली की टंकी व बोरिंग करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच मोतीलाल मीणा, सरपंच प्रियंका सैनी, सरपंच प्रतिनिधि उमेश सैनी, महेश सैनी, हजारी सैनी, जयदेव सैनी, सुखदेव सैनी, हरिसिंह सैनी, डॉ. बाबूलाल सैनी, सैनी महासभा उपाध्यक्ष सुरेश चंद सैनी, कृष्णकुमार, किशनलाल, सुशील लाटा, अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे।

**रामगढ़ :** कस्बे की सब्जीमंडी में सैनी समाज के युवाओं ने हरिजन समाज के विजेन्द्र हरिजन से महात्मा फुले के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करवाकर फुले जयंती मनाई गई। इस दौरान कृष्ण सैनी, राजकुमार कश्यप, गणेश पाराशर, सैनी यूथ विंग कमांडर दया किशन सैनी, रोहिताश सैनी, देवेन्द्र साहू, पूरणमल सैनी उर्फ बल्ली सैनी, आकाश नायक, मीणा महासभा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, संदीप सैनी, विजेंद्र हरिजन सहित कई समाज के युवा मौजूद थे। वहीं कस्बा स्थित सैनी धर्मशाला में सैनी समाज ने युवा जिलाध्यक्ष गोविन्द सैनी के नेतृत्व में फुले जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज अध्यक्ष तुलसीराम सैनी ने की।

**बांरा:** माली सैनी समाज की और से महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर महात्मा फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गायों को चारा डाला गया। जिला प्रवक्ता छीतरलाल सुमन ने बताया कि इस अवसर पर सैनी वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम के प्रदेश महामंत्री महावीर सुमन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र सुमन, प्रदेश प्रतिनिधि कालूराम सुमन, पीरूलाल सुमन, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष चौथमल सैनी, जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, मोरपाल सुमन, माली सैनी यूथ के जिलाध्यक्ष महावीर सुमन, माली जाग्रति मंच के प्रदेश महामंत्री बलराम सुमन, सैनी वर्ल्ड जिलाध्यक्ष कैलाशचंद सुमन, मुकेश केरवालिया, रामप्रसाद, चतुर्भुज मेघवा, बाबूलाल मेघवाल आदि मौजूद थे। कालूराम सुमन, कहा कि हमें सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक उन्नति पर ध्यान देना होगा। वहीं राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ की ओर से फुले जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष रामप्रसाद कोटड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में चतुर्भुज मेघ, रामसागर, राधेश्याम, बाबूलाल मेघवाल, उमेश गाडोलिया, रामप्रकाश बैरवा, पटेल जगन्नाथ, रणवीर राजोरा, नंदकिशोर, मदनलाल जाजोरिया कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सवाई माधोपुर :** जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सैनी समाज की ओर से मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर उनके द्वारा किए गय कार्यो को याद कर उनके आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को आलनपुर लिंक रोड़ स्थित संस्थान कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने दलितों व पिछड़ों के उत्थान के लिए शिक्षा की अलख जगाई।



संतों के सान्निध्य में हुआ माली छात्रावास का भूमि पूजन

# छात्रावास निर्माण में समाज का सहयोग जरूरी - श्री ऊँकारराम





पीपाड़ सिटी माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान की ओर से छात्रावास हेतु चारदीवारी के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संत श्री तुलसीदास महाराज के सानिध्य में खेजड़ला रोड़ रामपोल के पास रविवार को संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश माली महासभा अध्यक्ष श्री ऊँकाराम कच्छावाह ने कहा कि छात्रावास निर्माण में समाज के सभी लोगों को एक होकर सहयोग करना चाहिए।

पालिका अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह कच्छावाह ने छात्रावास स्थल तक सड़क निर्माण बिजली व पानी की व्यवस्था जल्द से जल्द करवाने का भरोसा दिया जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रेमचंद सांखला ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर छोटे-बड़े सरकारी कर्मचारियों को सरकारी काम के साथ समाज हित के कार्यो में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए समाज सर्वोपरि होता है नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी ने कहा कि समाज के सभी लोगों को आपसी मतभेद मिटाकर छात्रावास निर्माण में जुड़ जाने की अपील की नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री धनराज सोलंकी ने मालियान सब्जी मंडी सेवा संस्थान की ओर से छात्रावास हेतु निशुल्क भूमि देने पर आभार प्रकट करते हुए छात्रावास निर्माण में भी सहयोग की अपेक्षा की पूर्व पालिकाध्यक्ष श्री प्रभाकर टाक ने का की छात्रावास निर्माण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान आर एस अधिकारी सर्वश्री अमृत लाल सांखला शिक्षा सेवा संस्थान अध्यक्ष बाबूलाल सांखला माल्या सब्जी मंडी अध्यक्ष बु)राम टाक सचिव बाबूलाल टाक पूर्व पार्षद बक्सा राम कच्छावाह मीसा राम सांखला करनाराम कच्छावाह पूर्व मंडी अध्यक्ष कानाराम सांखला ठेकेदार जीवराज मारोठिया कोषाध्यक्ष शांतिलाल कच्छावाह सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षा सेवा संस्थान उपाध्यक्ष एवं शिक्षाविद् श्री संपत राज जी सैनी ने किया।

**पीपाड़ स्थित माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान कोचिंग सैंटर ने अल्प समय में ही समाज के शिक्षित युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में रोजगार उपलब्ध करानें में अपनी महत्ती भूमिका निभाई है। चाहें बैकिंग क्लासेज हो, पुलिस विभाग, रेल्वे या शिक्षा विभाग संस्थान के कुशल नेतृत्व एवं उच्च शिक्षा के माध्यम से अभी तक करीब 500 समाज के युवक युवतियों को सरकारी विभाग में अधिकारी कर्मचारी की नियुक्ति प्राप्त हुई है जो कि पूरे राजस्थान में समाज की अन्य शिक्षण संस्थानों की अपेक्षा सर्वश्रेष्ठ परिणाम है।**

**यहां किसी भी विभाग में जब कोई रिक्तियां निकलती है तो उसकी क्लासेज विषय विशेषज्ञों से कराई जाती है जिससे अधिक से अधिक समाज के रोजगार युवक / युवतियों को रोजगार प्राप्त होता है। माली सेनी संदेश परिवार पीपाड़ माली समाज के सभी प्रबुद्ध जनों का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए समाज में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों का आभार प्रकट करते है तथा आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास व्यक्त करते है कि अतिशीघ्र छात्रावास का विशाल भवन विद्यार्थियों की सेवा के लिए तैयार हो जायेगा। आप सभी इस छात्रावास निर्माण में सहयोग के सहभागी बनें।**

# बीस साल में जवान हुआ जमीन विवाद गोलियां चली, पांच की मौत, 35 घायल




अलवर। खेड़ली क्षेत्र के डोरोली गांव के दो गुटों में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से लाठियां चली और पथराव के साथ फायरिंग हुई। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। इस खूनी संघर्ष में 35 लोग घायल 19 लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। डौरोली गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में अलवर व भरतपुर पुलिस के जवान तैनात किए गए है। जिस जमीन को लेकर झगड़ा हुआ, वह भरतपुर जिले की नइबई तहसील के केसरा गांव में है। शाम को अलवर एसपी राहुल प्रकाश और कलेक्टर मुक्तानंद अग्रवाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। मौके पर एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए है। एसपी ने बताया कि इस प्रकरण में खेड़ली थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

केसरा गांव में स्थित साथ बीघा जमीन को लेकर पिछले कई साल से दो पक्षों में विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष डोरोली गांव के है। इनमें एक पक्ष लालाराम फौजी, भजनलाल, हीरालाल सैनी तथा दूसरा पक्ष गिराज, बत्तू, करण सैनी व रमेश का है। पिछले दिनों भरतपुर जिले के नइबई प्रशासन ने करण सैनी पक्ष को जमीन का कब्जा दिलवा दिया। मंगलवार सुबह जमीन पर करण सैनी पक्ष के लोग जुताई कर रहे थे। इस दौरान लालाराम फौजी कुछ अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर झगड़ा शुरू हो गया। गांव से दोनों पक्षों के महिला-पुरूष लाठी, डंडे, जैली, फर्सी, बंदूक सहित जो भी हथियार हाथ लगा, उसे लेकर खेत पर पहुंच गए। दोनों गुट एक दूसरे पर टूट पड़े। झगड़े में एक पक्ष के करण सिंह पुत्र देवीसिंह, बाहदुर पुत्र बत्तू सैनी और नन्नू पुत्र रामकरण सैनी को गोली व फर्सी लगाने से मौत हो गई। दूसरे पक्ष से सियाराम पुत्र हीरालाल और प्रेमवती पत्नी भरतलाल की मौत हुई है। प्रेमवती भरतपुर जिले के भुसावर थाना क्षेत्र के घड़ी गांव की रहने वाली थी। प्रेमवती अपने रिश्तेदार लाला राम फौजी के परिवार से शादी समारोह में आई हुई थी। डारोली गांव में जिस सात बीघा जमीन के विवाद में पांच लोगों को जान गंवानी पड़ी, उस जमीन पर पिछले करीब 20 साल से विवाद चल रहा है। इस जमीन पर लालाराम फौजी, भजनलाल सैनी व हीरालाल का कब्जा था। यह जमीन डोरोली के समीप केसरा गांव की राजस्व में थी, जो कि भरतपुर जिले की निदबई क्षेत्र में पड़ता है। उक्त जमीन डोरोली गांव के ही गिर्राज सैनी, बत्तू सैनी, करण सिंह व रमेश के नाम कागजों में चढ़ी हुई है। इसका केस कोर्ट में चल रहा था। करीब पन्द्रह दिन पूर्व कोर्ट के फैसले के बाद नदबई पुलिस प्रशासन ने गिर्राज सैनी पक्ष को इस जमीन पर कब्जा दिलाया था। दूसरा पक्ष इस फैसले को न मानकर जमीन पर फिर से कब्जा करने के लिए मंगलवार सुबह मौके पर पहुंचा और फिर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। घायलों को रैफर करने के लिए कई जगहों से एम्बुलेंस बुलाई गई। इस दौरान खेड़ली गांव के अलावा कठूमर, गोविंदगढ़ व लक्ष्मणगढ़ से आई सात एंबुलेंस से घायलों को जयपुर भेजा गया। लालाराम फौजी सेना में कार्यरत है। घर में शादी-विवाह होने के चलते वह छुट्टी लेकर आया हुआ था।

दोनों गुटों में करीब सवा घंटे तक संघर्ष चला। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग इतनी अधिक संख्या में थे कि ग्रामीण बीच-बचाव नहीं कर पाए। जिस खेत पर खुनी खेल चल रहा था, वहां लोग नहीं गए। दोनों पक्षों के बीच करीब सवा घंटे तक लाठी फर्सियां व गोलिया चली। झगड़े के बाद गांव में तनाव बना हुआ है। एहतियात के तौर पर डोरोली गांव व खेड़ली अस्पताल में पुलिस बल तैनात है।

### मृतकों में चाचा भतीजा भी शामिल

झगड़े में मारे गए करण सिंह व बहादूर आपस में चाचा भतीजे है। झगड़े में नन्नु की भी मौत हुई है। वह करण सिंह का पड़ोसी था। झगड़े के दौरान नन्नु भी करण सिंह गुट के साथ खेत पर जा रहा था कि उस पर भी हमला कर दिया। दूसरे पक्ष से प्रेमवती व सियाराम की मौत हुई है। लालाराम के घर में 29 अप्रेल को भतीजी की शादी होनी थी।

**आदरणीय समाज बंधुओं,**

बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कल खेरली (अलवर) में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष में हमारे छह समाज बंधुओं के प्राण चले गये और 17 गम्भीर हालत में एसएमएस अस्पताल जयपुर में भर्ती है जिनमे कुछ और जानेवाले है।

बंधुओं जरा सोचने समझनेवाली बात है कि जिस जमीन के लिए लड़ाई लड़ी व वह जमीन तो यहीं रह गई और लड़नेवाले इस दुनिया से चले गये और पीछे रह गये रोते बिलखते परिजन। बंधुओं अब समय आ गया है कि ऐसे जमीनी विवाद समाज की जाजम पर बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने का।

इसके लिए मैं समस्त सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि समाज में ऐसे विवाद निपटाने की अनुकरणीय पहल की जाये ताकि समाज का जानमाल का नुकसान न हो और हमारा समाज विकास की और अग्रसर हो । पया मेरी अपील पर समाज के समस्त संस्थाऐं एवं संगठन विचार करे और समाज में अनुकरणीय पहल करे। हम सभी दिवगंत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करे तथा साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो इसके लिए सभी प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारीगण सामाजिक जागृति हेतु अधिक से अधिक प्रयास कर ऐसे नरसंहार से समाज को होने वाले नुकसान से बचायें।इस सामाजिक समस्या के निदान हेतु आपके सुझाव सादर आमंत्रित है।

**निवेदक : माली सैनी संदेश परिवार**

## प्रेस फोटोग्राफर एवं समाज सेवी जगदीश देवड़ा एवं युवा छात्रा नेता सुश्री सुमित्रा डॉ. अम्बेडकर पुरस्कार से सम्मानित



जोधपुर। रविवार, 23 अप्रेल को गणेशलाल व्यास मिनी आडिटोरियम में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सुचना केंद्र जोधपुर मे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार राजस्थान सहित्य अकादमी के पुर्व अध्यक्ष वेदव्यास तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी सुमनाक्षर की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह मे संभागीय आयुक्त रतन लाहोटी, स्वामी आत्माराम उपाध्याय के विशिष्ट अतिथ्य मे आयोजित समारोह मे सराहनीय कार्य करने वाली राजस्थान प्रदेश की 41 प्रतिभाओ को शॉल ओढाकर स्मृति चिह्न प्रशस्ति पत्र ओर श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी, राजस्थान प्रदेश संयोजक विक्रम जटिया ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह 2017 में माली सैनी संदेश पत्रिका के फोटाग्राफर, प्रेस रिपोर्टर एवं समाजसेवी जगदीश देवड़ा को समाज सेवा, वृक्षारोपण और पत्रकारिता क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर वरिष्ठ सेवा सम्मान अवार्ड प्रदान किया गया।

राज्य स्तरिय नारी सशक्तिकरण के सराहनीय कार्यो के लिए समाज की युवा छात्रा नेता सुश्री सुमित्रा गहलोत को युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व पार्षद जगदीश पंवार, नंदकिशोर गहलोत, हरीश गहलोत, लेखराज गहलोत सहित सोहनलाल गणमान्य लोग मौजूद थे। माली सैनी संदेश परिवार जगदीश देवड़ा एवं सुश्री सुमित्रा गहलोत को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।

## जोधपुर में बच्चों के सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल नियो किड्स का शुभारंभ

### समाज के युवा डॉ. हितेश चौहान की सुविधाऐं होगी उपलब्ध



जोधपुर। पाल रोड़ पासपोर्ट ऑफिस के सामने बच्चों के सुपर स्पेशियलिटी के अस्पताल का नियो किड्स का 9 अप्रेल, 17 को सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं डॉ. बी. डी. गुप्ता ने शुभारंभ किया।

नियो किड्स टीम के डॉ. हितेश चौहान ने बताया कि हमारे यहा 24 घंटे 7 दिन बच्चों की एमरजेंसी सुविधाऐं, लेवल तृतीय नवजात सर्जरी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, बच्चों की सभी प्रकार की नॉर्मल व एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हड्डी की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

डॉ हितेश चौहान ने बताया कि हमारी टीम में डॉ अमरसिंह, डॉ. डी. एस राठौड़, डॉ. बलदेव शर्मा भी है जो कि चिकित्सा क्षेत्र में विशेष पहचान रखते है।

समाज के युवा डॉ. हितेश चौहान बाल अस्थि रोग विशेषज्ञ है तथा उन्होनें रेनबो सुपरस्पेशलिटी हास्पीटल अहमदाबाद में पूर्व में अपनी सेवाएँ प्रदान की है साथ ही पश्चिमी राजस्थान में पहली बार बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण साऊथ कोरिया से प्राप्त किया है जिसमें जन्मजात संबन्धित हड्डी का विकृत इलाज करने में महारत हासिल की हुई है। माली सैनी संदेश परिवार डॉ हितेश चौहान को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है तथा विश्वास व्यक्त करता है कि डॉ. हितेश चौहान पश्चिमी राजस्थान में जन्मजात हड्डी से परेशान ब्च्चों को ठीक कर उन्हें सामान्य बच्चों की तरह जीवन जीने का कार्य करेगें।

## महेन्द्र शास्त्री बने महात्मा ज्योति बा फूले विचार मंच के अध्यक्ष



बगड़। महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच की साधारण सभा की बैठक महात्मा ज्योतिबा फूले सामुदियक भवन में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योति विद्यापीठ स्कूल मैनेजर चिरंजीलाल सैनी थे। अध्यक्षता पूर्व पार्षद रामनिवास सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद सुरेश सैनी व पूर्व अध्यक्ष सतीश सैनी थे। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से महेन्द्र शास्त्री को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। शास्त्री ने शपथ लेते हुए समाज हित के लिए सदैव तत्पर रहते हुए सभी को साथ लेकर काम करने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष सतीश सैनी को मंच का संरक्षक मनोनित किया गया। कार्यक्रम को एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लालचंद सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बबली सैनी सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। संचालन व्याख्याता मुकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर जीएसएस अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, नरेश बगड़, राजेश सैनी, पवन कटारिया, पूर्व पार्षद मुकेश सैनी, रमेश राजोरिया, गुगनराम, पप्पू पंच, राजेन्द्र सैनी, भाजयुमो जिला महामंत्री बलवीर सैनी, सहित अनेकों समाज के लोग उपस्थित थे।

# PEDIATRIC ORTHOPEDIC बाल अस्थि रोग विशेषज्ञ




## डॉ. हितेश चौहान

**M.S. (Ortho)**
**Ped. Ortho. Fellowship**
(South Korea)
पूर्व विशेषज्ञ रेनबो सुपरस्पेशलिटी
हॉस्पीटल, अहमदाबाद
पश्चिमी राजस्थान में पहली बार
अस्थि रोग विशेषज्ञ की सेवाएँ उपलधब्ध

- पश्चिमी राजस्थान के प्रथम बाल अस्थि रोग विशेषज्ञ है।
- बच्चों की अस्थि रोग सम्बंधित सर्जरी का विशेष प्रशिक्षण सियोल, साऊथ कोरिया से प्राप्त किया है।
- गत 5 वर्षो से सिर्फ बाल अस्थि रोग के इलाज में कार्यरत है।

**सुविधाएं :-**

- जन्मजात सम्बन्धित हड्डी की विकृति का इलाज (CTEV, DDH, Hemimelia)
- विकास सम्बन्धित हड्डी की विकृति का इलाज। (Genu Valgum, Genu Varum)
- जन्मजात एवं विकास संबंधित पैर का छोटे-बड़े होने की विकृति का इलाज।
- बच्चों के हर तरह के फ्रेक्चर का इलाज।
- बच्चों के पुराने, टेढ़े - मेढ़े जुड़े हुए और न जुड़ने वाले फ्रेक्चर का इलाज।
- सेरिब्रल पाल्सी एवं नस सम्बंधित हड्डी की सभी विकृति का इलाज- बोटोक्स एवं सर्जरी, कसरत एवं स्पिलिंट का मार्गदर्शन।
- बच्चों की हड्डी और जोड़ो के गंभीर संक्रमण का इलाज। (Acute & Chronic Osteomyelitis)




सुपर स्पेशियलिटी चिल्ड्रन्स हॉस्पीटल
**नियोकिड्स हॉस्पीटल**
*Gives New Life & Brings Smile*

3, नरपत नगर, पासपोर्ट ऑफिस के सामने,
मैन पाल रोड़, जोधपुर फोन नं.911616190

# सैनी समाज का विशालतम 286 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 अप्रेल को नौगावं गंगापुर में

गंगापुर सिटी। सैनी समाज तहसील गंगापुर सिटी के तत्वावधान में आयोजित विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन नौ गांव (गंगापुर सिटी) में सम्पन्न होगा। सम्मेलन में 291 जोड़े परिणय सूत्र में बधेगें। सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचन्द सैनी ने बताया कि सम्मेलन में स.भा., करौली, दौसा, अलवर भरतपुर व टोंक के जोड़े शामिल होगे। सम्मेलन की सफलता के लिए समाज के जिले भर के पदाधिकारी व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेगें। सम्मेलन समिति का अध्यक्ष रामफूल सैनी गंगापुर सिटी को बनाया गया है।

सम्मेलन की पूर्व संस्था पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मण्डप एवं भात व कलश यात्रा के कार्यक्रम सम्पन्न होगें। सम्मेलन में 27 अप्रेल को प्रात : भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। सांय 4 बजे चाक भात रात्रि 8 बजे बण्डप व सांस्कृतिक कार्यक्रम में कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे तथा अध्यक्षता भूपेन्द्र सैनी अध्यक्ष राज. युवा बोर्ड करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी, मदनलाल सैनी उपजिला प्रमुख झुंझुंनू, सांसद सुखवीरसिंह जोनापुरिया, विधायक मानसिंह गुर्जर, जगदीश सैनी, चेयरमेन लाल सोट, अशोक सैनी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा राज. सहित कई अधिकारी भाग लेगे। 28 को प्रात : 11 बजे से 4 बजे तक अतिथियों का संबोधन एवं 4 बजे पाणिग्रहण संस्कार के साथ विवाह संपन्न होगा। सम्मेलन में लगभग एक लाख लोगों की भोजन व्यवस्था व छाया पानी का इन्तजाम सम्मेलन समिति व समाज के भामाशाहों द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी।

### संभाग भर से आए समर्थकों ने स्वागत में बिछाए पलक पावड़ें

# पूर्व जेडीए चैयरमेन राजेन्द्र सोलंकी को मिली अग्रिम जमानत



जोधपुर। जेडीए में विकास कार्यो में अनियमितता को लेकर एसीबी में दर्ज चार मामलों में तीन महीने से ज्यादा समय तक भूमिगत रहे जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्रसिंह सोलंकी शनिवार को सामने आए तो स्वागत करने हजारों कार्यकर्ता और समर्थक उमड़ पड़े। कार्यकर्ताओं का जोश ऐसा था मानो वे यह दिखाने पहुंचे कि वे सोलंकी के साथ हैं। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत करते हुए फूलमालाओं से लाद दिया। कार्यकर्ता सोलंकी से मिलने के लिए दो ढ़ाई घंटे खड़े रहे। लोगों ने 101, 51 व 21 किलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कुछ लोग केक लेकर भी पहुंचे। सोलंकी ने उनकी भावनाओं का मान रखते हुए केक भी काटा। सुबह 8 बजे से ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का बालसमंद रोड़ पर स्थित सोलंकी के घर के बाहर जुटना शुरू हो गया।

सुबह साढ़े नौ बजे तक हजारों समर्थक व कार्यकर्ताओं के पहुंचने से बालसमंद रोड़ पर जाम लग गया, इसमें महिलाएं भी काफी थी। घर में नौपत-शहनाई और ढोल-नगाड़े बज रहे थे और कार्यकर्ता अशोक गहलोत व सोलंकी के समर्थन में नारे लगा रहे थे। सुबह पौने दस बजे सोलंकी कमरे से बाहर निकले तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और उनके समर्थन में जमकर नारे लगाए। उत्साह देख सोलंकी की कई बार आंखे भर आई। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि वे हमेशा उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। अधिकांश कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ता व पार्षद सरदारपुरा विधानसभा इलाके से जुड़े थे, लेकिन शहर के अधिकांश सामाजिक संगठनों के लोगों की भागीदारी चर्चा में रही। सोलंकी को 20 अप्रेल को ही हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी। जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों अभिनंदन-स्वीकार करने बाद पत्रकारों से बात की और कई सीधे सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने प्रदेश सरकार पर अरोप लगाए। कहा वह एसीबी के माध्यम से मुझे व जुगल काबरा सहित अन्य लोगों पर दबाव बनाकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर हाथ डालना चाहती थी, लेकिन गहलोत को देश व प्रदेश की जनता अच्छी तरह जानती है। सोलंकी ने कहा कि उन्हें एसीबी या राज्य सरकार से नहीं बल्कि जनता के सार्टिफिकेट की जरूरत है, जो प्रदेश व जोधपुर की जनता आने वाले विस चुनाव में दे देगी।



### माली समाज की ओर से बाण माता मन्दिर के वार्षिक मेले का हुआ आयोजन

# बाण माता के मेले में उमड़े श्रद्धालु मन्दिर में गूंजे जयकारे



शिवगंज। बाण माता मन्दिर सुमेरपुर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की नवमीं वर्षगांठ पर मंगलवर को आयोजित मेले में माली समाज के लोगों ने भाग लिया। मेले में दर्शनार्थियों ने अपनी आराध्य देवी की आरती, पूजा अर्चना की एवं सुख समृद्धि के लिए मन्नते मांगी। इस मौके पर स्वामी चेतनगिरीजी महाराज, संत पंछीदासजी महाराज, शिवरामजी महाराज, साध्वी संतोषभारती आदि साधु संतों की मौजूदगी रही। मेले में सिरोही, शिवगंज, पोसालिया, सुमेरपुर, जालोर, जोधपुर, तख्तगढ़, बाली, फालना, पाली, खिवंदी सहित कई शहरों, गांवों व कस्बों से आए समाज के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। समारोह में स्वामी चेतनगिरीजी महाराज ने बच्चों को संस्कारित बनाने, उच्च शिक्षण दिलाने एवं संस्थानके संयोजक शंकरलाल गहलोत ने समाज की एकता, बालिका शिक्षा पर जोर दिया एवं युवाओं को राजनीति क्षेत्र में आगे आने का भी आव्हान किया। मंच का संचालन एडवोकेट महेन्द्र गहलोत व मोहनलाल परिहार ने किया।

कार्यक्रम में भक्त लिखमीदास सेवा संस्थान नागौर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत, महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान जयपुर के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला भी अतिथि के रूप में मौजूद थे। मेले में जोधाराम वीरमपुरा, मोतीलाल उंदरी, हजारीमल सोलंकी खेजडिया, शंकरलाल टांक, मांगीलाल गहलोत, सामूहिक विवाह आयोजन समिति अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, शंकरलाल सुंदेशा, बाबूलाल देवड़ा, शांतिलाल देवड़ा, भैराराम देवड़ा, दीपक गहलोत सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

**समारोह में इनका किया गया सम्मान :** समारोह में जोधपुर के किशनसिंह कच्छवाह, जालोर नगर परिषद के सभापति भंवरलाल माली, सुमेरपुर नगर पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार, दीपक भाटी, प्रकाश भाटी, रावाराम देवड़ा, हरीश परिहार, नगर पालिका के पार्षद लक्ष्मण परिहार, अल्पेश माली, धरमीदेवी, उमादेवी, कमलादेवी, माली समाज के अध्यक्ष नेनाराम गहलोत, पूर्व अध्यक्ष चुन्नीलाल परिहार, नारायणलाल परिहार, बाबूलाल गहलोत, प्रतापराम गहलोत, मूलाराम गहलोत और पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत सहित नवयुवक मण्डल अध्यक्ष हिम्मत गहलोत का बहुमान किया गया।



# प्रदेश भर में सामूहिक विवाहों में सैकड़ों युगल बंधे परिणय सूत्र में





**सम्मेलन में माली समाज के 28 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में**

टोंक। सदर माली (सैनी) समाज का 24वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को 28 जोड़े परिणयसूत्र में बंधे। सम्मेलन में समाज के हजारों महिला पुरूषों ने भाग लिया। संतोषी माता मंदिर से दोपहर में दूल्हों की निकासी गाजेबाजे के साथ निकली। गांधी खेल मैदान, सिविल लाईन रोड़, मोदी की चौकी होते हुए सम्मेलन स्थल महादेवाली छात्रावास आरएसी ग्राउंड पर पहुंची।

यहां दूल्हों ने तोरण की रस्म अदा की। इसके बाद शाम 28 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंधे। आशीर्वाद समारोह में नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, उपसभापति अजय सैनी, भाजपा जिला मंत्री बेणी प्रसाद जैन सहित अन्य अतिथियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया व प्रमाण पत्र वितरित करते हुए सुखद जीवन की कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन ने कहा कि सामाजिक स्तर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सराहनीय कार्य है, जो कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ फिजुल खर्ची को रोकने का काम करता है। साथ ही समाज में एकजुटता और विकास की राह भी खुलती है।

समारोह में समाजसेवी इंजिनियर भैंरूलाल सैनी, सैनी समाज जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष शंकरलाल धुवारिया, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज रजि. संगठन प्रदेश महासचिव रमेशचंद सैनी रहमानदिया, जिलाध्यक्ष पांचूलाल सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, पूर्व माली समाज के जिलाध्यक्ष रमेश गढ़वाल सहित समाज के कई महिला, पुरूष मौजूद थे। विवाह स्थल पर मंगलवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गायक कलाकार मेहंदवास के प्रकाश माली, इंजीनियर कमलेश माली, श्योजीलाल सैनी ने एक से बढ़कर एक गीत पेश किए। इनके गीतों पर डांसरों ने आकर्षक नृत्य पेश किया।

**जोधपुर में आयोजित सम्मेलन में 8 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में**

**जोधपुर।** श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर के तत्वाधान मे दिनांक 23 अप्रैल 2017 को 8 जोड़े सामुहिक विवाह में जीवन साथी बनें। समिति अध्यक्ष मनोहर सिंह सांखला ने बताया की विवाह समारोह श्री अमृतलाल गहलोत स्टेडियम में सुबह10 बजे बन्दौली एवं दोपहर 1.30 बजे लालसागर स्थित हनुमान जी के मन्दिर से बारातें पुरे गाजे बाजे सहित रवाना होकर गोकुल जी की प्याऊ होते हुऐ 4 बजे अमृतलाल स्टेडियम पहुची । जहाँ द्वार पर तोरण लगाकर वर की जगमग आरती द्वारा व बरातीयो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सन्त श्री हरिराम जी शास्त्री एवं अतिथिओं द्वारा वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्रशासनिक अधिकारी श्रीमति प्रभा टाक, अध्यक्षता देवड़ा हुंडाई के चैयरमैन किशन सिंह देवड़ा विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत, पूर्व महापौर राजेन्द्र कुमार गहलोत, पूर्व चेयरमेन जे.डी.ए. राजेन्द्र सोलंकी, लवकुश संस्थान प्रभारी राजेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, माली संस्थान जोधपुर पूर्व अध्यक्ष सुनिल परिहार, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला,जोधपुर हरिद्वार धर्मशाला अध्यक्ष बाबुलाल पंवार, राज गहलोत,मयंक देवड़ा,सुभाष गहलोत,ब्रह्मसिंह चौहान,श्रीमति सुषमा परिहार आदि उपस्थित थे। सभी अतिथिओं का स्वागत समिति सदस्यों द्वारा माला,साफा पहनाकर,शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समिति द्वारा सम्मान समारोह में लक्ष्मणसिंह सांखला द्धबब्लूसाऋ,किशनसिंह देवड़ा,तारासिंह सांखला,ठे.छगनीराम गहलोत,मनमोहनसिंह सांखला,गणपतसिंह-भोपतराम पंवार, सहायक आबकारी अधिकारी दिनेश गहलोत,खेताराम पुत्र श्री गुलाबसिंह सांखला, एडवोकेट चम्पालाल परिहार,अनिल पुत्र श्री संतोक सिंह पदाला बेरा को भामाशाह सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रता सम्मान 15 सदस्यों को,निशुल्क सेवा सम्मान द्धटेन्ट व लाईट व्यवस्थाऋ मनमोहन सांखला हेमन्त गहलोत,कुन्दन गहलोत,प्रवीण सोलंकी,संदीप चौहान राजा डी.जे.साउण्ड सिस्टम को प्रदान किया। रामनवमी शोभा यात्रा में सेवा प्रदाता सम्मान 60 व्यक्तिओं को एवं 150 बालक व युवा सहप्रतिभागीओं व रास्तें में जल-पान की व्यवस्था करने वाले सभी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न अतिथिओं द्वारा सम्मानित किया गया।

विवाह संस्कार पूर्ण वैदिक रिति से आर्य समाज मन्दिर, महर्षि पाणिनिनगर पूंजला के ब्रह्मत्व में श्री शिवराम शास्त्री,गजेन्द्र सिंह सांखला, मदनलाल तंवर व श्री सेवाराम आर्य ने मंत्रों की व्याख्या करते हुए बताया की वैदिक पद्वति ही गृहस्थ का आधार हैं साथ ही जीवन निर्वाह का मूल स्तम्भ है। प्रधान कैलाश चन्द्र आर्य,आर्य वीर दल संचालक डॉ. महेश परिहार,सोहनसिंह गहलोत,नरेन्द्र आर्य,देवीलाल,करणसिंह भाटी,सोहनसिंह भाटी,हेमसिंह आर्य,लक्ष्मण आर्य,राधेश्याम आर्य, ओमप्रकाश आसेरी, वेदप्रकाश आर्य, ज्ञानसिंह गहलोत, प्रतापसिंह, इन्द्रप्रकाश, हुकमसिंह, श्रीमति संतोष आर्या,सरोज, ललिता, ममता, शारदा, अदिति आर्या के सहयोग से विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला व किशनसिंह देवड़ा द्वारा विवाह प्रमाण पत्र वर-वधु को व आर्य समाज द्वारा सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक भेंट की गई।

मनोरंजन के लिए जादुगर गोपाल द्वारा मैजिक शो किया गया। सभी के लिए स्वरुचि भोज की व्यवस्था थी इस विवाह समारोह में सुखसिंह कच्छवाहा, छवरसिंह कच्छवाहा,






प्रवीण सोलंकी,जगदीश परिहार, ठे.ओमप्रकाश गहलोत ढाणा बेरा,युधिष्ठर गहलोत,रामेश्वर चौहान,मोहनसिंह गहलोत,भंवरचन्द सोलंकी,प्रेमसिंह पप्सा,अनिल कच्छवाहा, अखेसिंह टाक,अन्तराम गहलोत आदि कार्यक्रताओ का सहयोग रहा। समिति द्वारा वर-वधु को कन्या दान में घरेलू सामान व वस्त्र प्रदान करके विधाई दि गई। समिति का मुख्य उद्देश्य ऐसे सामुहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजनों से अमीर गरीब का भेद भाव मिटाकर सबको एक मंच पर लाकर एक साथ कन्या दान का अवसर प्रदान करना, फिजूल खर्ची रोकना, नारी शिक्षा को बढ़ावा देना,नशा मुक्त समाज की स्थापना, प्रीतिभोज में अनियन्त्रित बनने वाले मिष्ठानों एवं खाद्य सामग्री का दुरुपयोग को रोकना, दहेज प्रथा को खत्म करना आदि है। अन्त में अध्यक्ष द्वारा इस विवाह समारोह में सभी आगन्तुको, अतिथिओं, कार्यक्रताओं, दानदाताओं, पुलिस अधिकारिओं पत्रकार व मिडियॉ प्रभारी को धन्यवाद दिया गया।

## सामूहिक विवाह में 28 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ :

जयपुर। सैनी समाज सुधार संस्था, सांगानेर द्वारा श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर में 4



अप्रेल को आयोजित पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन में 28 जोड़ों का विवाह किया गया। कार्यक्रम में 28 जोड़ों की घोड़ियों पर बैण्डबाजे से बारात निकाली गई। तत्पश्चात पाण्डाल में तोरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके बार वरमाला का कार्यक्रम हुआ व पण्डित द्वारा विधि विधान से पाणिग्रहण संस्कार का सूत्र बंधन संपूर्ण करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामचरण बोहरा सांसद जयपुर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर सैनी , सेवानिवृत आईएएस श्री सत्यनारायण सिंह, पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी, अध्यक्ष श्री राहुल सैनी, रामकरण सैनी, समाज सेवी श्री बन्नेसिंह सैनी। जयपुर अध्यक्ष ओम राजोरिया सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। सामुहिक विवाह के लिए तीन अलग अलग पाण्डाल बनाए गए तथा समारोह में पधारें अतिथियों एवं समाज के सभी वर्गो के लिए उत्तम व्यवस्था की गई थी। संस्था के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सैनी तथा अन्य पदाधिकारियों ने 28 जोड़ों एवं उनके परिजनों को साफा माला पहनाकर स्वागत किया। श्री सत्यनारायण सैनी एवं मदनलाल सैनी के हाथों से नव विवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र एवं लगभग 61 हजार रूपयें का सामान प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक श्री बुद्धसिंह सैनी ने बताया कि सांयकाल में सभी जोड़ों का स्वागत किया गया तथा समारोह में पदाधिकारियों एवं सामाजिक संस्थाओं के सभी लोगों का आभार प्रकट किया गया।

## 29 जोडे बनें हम सफर। एक दूसरे के साथ जीवन निभाने का लिया वचन

चौमूं। शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में माली समाज विकास समिति चौमूं के तत्वाधान में रामनवमी के शुभ अवसर पर 29 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुअ। मीडिया प्रवक्ता छीतरमल बबेरवाल ने बताया कि थाना मोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में प्रात: 8 बजे सिंयाला कार्यक्रम आयोजित हुआ व इसके



बाद एक साथ 29 दूल्हे घोड़ी पर सवार होकर डीजे की धुन में नाचते गाते हुए बाराती बस स्टैंड होते हुए सैनी समाज सभा भवन में पहुंचें। सभा भवन में 11.15 बजे तोरण व वरमाला कार्यक्रम की रस्म हुई। इसके बाद पाणिग्रहण संस्कार विधि विधान शुरू हुए! तथा इस सामूहिक विवाह में सहयोग करने वाले भामाशाहो का सम्मान समारोह हुआ तथा





नवविवाहित वर-वधुओं को अतिथियों द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया तथा सामूहिक विवाह समिति द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस सामूहिक सम्मेलन में अनेक राजनेता एवं समाजसेवी तथा प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस सामूहिक विवाह समारोह में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संदीप सैनी ने शिरकत की। इस मौके पर संदीप सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन करने से फिजूल खर्चे पर अंकुश लगता है, और समाज में अच्छा संदेश जाता है। इसलिए ऐसे विवाह सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेना चाहिए और विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए सहयोग करना चाहिए।

इस मौके पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि लगातार 11 वर्षो से सैनी समाज विकास समिति के तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। यह समाज की अनूठी पहल है , इसलिए ऐसे समारोह में भामाशाह को सहयोग करके कार्यक्रम को सफल बनाना चाहिए! इस अवसर पर जयपुर युवा ग्रामीण लोकसभा अध्यक्ष बंशीधर सैनी, जयपुर जिला देहात सैनी समाज अध्यक्ष अभिषेक सैनी, अश्वल इंडिया सैनी समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, समाजसेवी श्रवण कुमार कारोडिया, हीरालाल पांच्या, राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रामकिशोर सैनी ,पूर्व चेयरमैन नानूराम सैनी, पूर्व चेयरमैन गोविंदनारायण सैनी , डश्व मानप्रकाश सैनी, विनोद बागवान, पूर्व छात्रसंघ महासचिव श्यामलाल सैनी, दिनेश कुमार तिगरिया, गेंदीलाल सैनी, डश्वओम प्रकाश सैनी, दिनेश कुमार पाच्यां, संतोष डिजल्स, घीसालाल तंवर, मुकेश सिंगोदिया, श्रवण सैनी, पहलाद कुमार मोरीजा सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

## सामूहिक विवाह में 101 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

सवाई माधोपुर। समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को आलनपुर में संपन्न हुआ। इस विवाह सम्मेलन में माली समाज के 101 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष श्री भुपेन्द्र सैनी थे और अध्यक्षता चौथ माता मंदिर पुजारी शंकरलाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सवाई माधोपुर विधाक दिया कुमारी, नगर परिषद सभापति डॉ. विमला शर्मा उपस्थित थी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को अशीर्वाद देते हुए उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर दिया कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस दौर में जब महंगाई बढ़ गई है ऐसे में सामूहिक विवाह काफी मितव्ययी साबित होते है। वहीं दूसरी ओर दो परिवारों व समाज के बीच होने वाला यह संबध काफी अटूट रहता है। यह समाज में एक प्रेरणादायी परंपरा है, जिसका निर्वहन आज के दौर में आवश्यक हो गया है। साथ ही उन्हेंने बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओं पर जोर दिया। अन्य अतिथियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सामूहिक विवाह में 26 जोड़े बने हमसफर

सांगरपुर। सकल पंच फूलमाली समाज द्वारा आयोजित 18वें सामूहिक विवाह सम्मेलन चुन्नीलाल पुष्पद की बावड़ी थाने के पीछे संपन्न हुआ। जिसमें 26 नवयुगलों ने सात फेरे लेकर जीवन की शुरूआत की। पं. मनोहरलाल शर्मा ने 26 जोड़ों का विधि विधान से अग्नि के सात फेरे लगवाकर परिणय सूत्र में बंधवाया। समाज की ओर से बर्तन, चांदी और सोने की रकम एवं वर - वधु को कपड़े भेंट किए। सम्मेलन में सांसद प्रतिनिधि डॉ. हेमेन्द्रसिंह सोलंकी, सम्मेलन अध्यक्ष मोतीलाल माली, सहित अनेकों सामाजिक लोगों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

## खंडार में माली समाज के 45 जोड़े परिणय सूत्र में

खंडार। माली समाज खंडार के तत्वावधान में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में बुधवार को 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इससे पूर्व दिनभर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री जितेन्द्र सिंह गोठवाल ने भाग लेते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देना आज अति आवश्यक है। सम्मेलन में आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआं इसमें पूर्व केबिनेट मंत्री अशोक बैरवा, खंडार प्रधान मनोरमा, जयपुर से श्री राजेन्द्र मावर, श्री बिरदीचंद सैनी, श्री ओम राजोरिया, सैनी विकास संस्थान जिलाध्यक्ष श्री भागचंद सैनी, सहित अनेक समाजसेवियों ने नव विवाहित युगलों को आशीर्वाद प्रदान किया।



■ ■ ओज से उजास की ओर कार्यशाला हुई सम्पन्न ■ ■

# राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की कार्यशाला का आगाज

बीकानेर। युवाओं के सर्वांगीण विकास, समाज के उत्थान में युवाओं की भूमिका, बालिकाओं और महिलाओं में जागृति की आधारशिला के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी सहित विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला ओज से उजास की ओर का आगाज शनिवार को किया गया। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की ओर से प्रदेशस्तरीय कार्यशाला का उद्घघाटन गंगाशहर स्थित टी.एम. हाल में पूर्व मंत्री राम किशोर सैनी, पूर्व विशायक भगवान सहाय सैनी, महासभा संरक्षक सुनील परिहार, गोपाल गहलोत ने किया। कार्यशाला के पहले दिन उद्घघाटन के अवसर पर महेश सैनी की अध्यक्षता में अयोजित समारोह में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाब गहलोत ने कार्यशाला की महत्ता की जानकारी प्रस्तुत की। समारोह के मौके पर अतिथियों ने समाज विकास में युवाओं को आगे आकर अपना योगदान देने क आह्वान किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों और युवाओं की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला के दूसरे सत्र में जिला प्रतिनिधियों का परिचय करवाया गया तथा समाज हित में विचार व्यक्त किए गए। कार्यशाला के तीसरे सत्र में अभिलेखगार के निदेशक डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने समाज के इतिहास की जानकारी देते हुए इतिहास से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यशाला के चौथे सत्र में युवाओं ने सोशल मीडिया और स्वरोजगार विषय पर चर्चा की। अंतिम दिन रविवार को महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ सभी विकास परक क्षेत्रों में सहयोग करने तथा युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ाकर ही हम समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान की परिकल्पना को साकार कर सकते है, इस विषय पर चर्चा की गई। हम बेटियों को ना केवल बचाएं वरन उन्हें अच्छी शिक्षा देने के लिए भी मानस बनाएं तो समाज के साथ ही देश का चंहुमुखी विकास सम्भव होगा। ऐसे ही अनेक विचार सामने आए। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज के गणमान्यजनों ओर महिलाओं तथा युवाओं की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला के दूसरे ओर अंतिम दिन गंगाशहर स्थित टीएम हाल में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं व बालिकाओं के विकास पर केन्द्रित सत्र के दौरान ब्यावर नगर पालिका की सभापति बबीता चौहान की अध्यक्षता में साहित्यकार सीमा भाटी, दीक्षा गहलोत, योगिता सैनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी, पूर्व विधायक श्री भगवानसहाय सैनी, एसडीएम नानूराम सैनी, राजेन्द्र तंवर आदि के आतिथ्य में कार्यशाला के दौरान कर्मचारी और अधिकारी संघ का सत्र हनुमान सैनी और सुनील परिहार के आतिथ्य में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाब गहलोत की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में देवीचंद देवड़ा ने विचार व्यक्त किए। समापन पर आभार सुनील परिहार ने जताया।

# शिक्षा के साथ संस्कारी होना भी जरुरी : कुशलगिरी महाराज



तिंवरी। निकटवर्ती बालरवा गांव के जगदम्बा आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव उड़ान कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज ने स्कूल के बच्चों द्वारा की जा रही शारिरिक और मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर कहा कि ऐसे वातावरण से आज के युवाओं को इतिहास और संस्कृति के बारे में पता चलता हैं। आज के युग में शिक्षा के साथ-साथ सभ्यता संस्कृति और संस्कार का होना अतिआवश्यक है। संत ने कहा कि छोटे से विद्यालय में इतने संस्कारवान बच्चों को होना स्कूल की उपलब्धियों की और इंगित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमिशनर भागीरथ मंडा ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही तथा अभिभावकों से निवेदन किया कि भारत के भविष्य का मिर्णाण आपके हाथों में है और आपकी बच्चों को उच्च शिक्षा की और अग्रेश्ज्ञित करें। इस वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में संत के प्रवचन सुनने के लिए आस-पास के हजारों लोग उमड़े। जगदम्बा आदर्श विद्या मंदिर बालरवा के निदेशक सांवर परिहार ने कहा कि हम बच्चों के सुनहरे भविष्य हेतु उच्च टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए अध्यापन करवाते हैं। नन्हें मुन्ने बालकों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियों दी गई। इसमें सबसे खास सर्जिकल स्ट्राइक इन पाकिस्तान बाय इंडियन आर्मी के नाटक ने मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिंवरी के तहसीलदार जवाहर राम चौधरी ने कि तथा लव कुश संस्था के प्रभारी राजेन्द्र परिहार एजिला शिक्षा अधिकारी अशोक विश्नोई, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरसिंह पंवार, भोपालगढ़ सरपंच जमना जयप्रकाश देवड़ा, मथानिया सरपंच मीनाक्षी चंद्रसिंह देवड़ा, बेठवासिया सरपंच पप्पूराम जाखड़, बालेसर सरपंच संघ अध्यक्ष प्रयागसिंह भाटी, कुई ईदा के पूर्व सरपंच बाबूलाल सोलंकी, उद्यमी नरपतसिंह सांखला, उद्यमी ओमप्रकाश सोलंकी, हीराराम गहलोत, बालरवा के पूर्व सरपंच बाबूलाल परिहार, पूर्व प.स.पस. ठा. रूपसिंह भाटी, माणक राम टाक, कुशाल चंद परिहार व चोलाराम परिहार सहित कई ग्रामीणजन और समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक टाक ने किया।






## भारत विकास परिषद्, शाखा के अध्यक्ष बने प्रकाश बी. माली

सिरोही। भारत विकास परिषद्, शाखा सिरोही के चुनाव स्थानीय अर्बुदा रेस्टोरेण्ट में सम्पन्न हुए। वर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र पुरी ने बताया कि चुनाव अधिकारी गजेन्द्रसिंह राणावत के सानिध्य चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई जिसमें प्रकाश बी. माली को निर्विरोध अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से सत्र 2017-19 के लीए चुना गया, सचिव पद हेतु नवीन राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष कमलकान्त देवडा को चुना गया। बैठक में उपाध्यक्ष पद के लिए कमलेश दवे, निरंजनसिंह राठौड, अजय शर्मा तथा सह-सचिव एडवोकेट वीरेन्द्र एम चौहान, सहकोषाध्यक्ष हीरालाल कंसारा को चुना गया। मुख्य सलाहकार एवं संरक्षक रमेश कोठारी, रघुभाई माली, एडवोकेट राजेन्द्रपुरी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया।

इस अवसर पर संदीप अग्रवाल, प्रकाश प्रजापत, कानाराम चौधरी, छोगाराम माली, गुलाबसिंह, असलमभाई, पुखराज गहलोत, कानाराम माली, हीरालाल माली आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## पुष्कर सेवा संस्थान की त्रै-मासिक मिटिंग मे हुई विकास कार्यो की चर्चा

पुष्कर। अखिल भारतिय माली सेवा सदन संस्थान,पुष्कर की कार्यकरणी की त्रै मासिक मिटिग दिनांक 23 अप्रेल 2017 को श्री ऊँकारराम कच्छावाह की अधयक्षता मे पुष्कर आयोजित की गई। जिसमे संस्थान के पदाधिकारियो व सदस्यों ने अपने विचार रखे व कच्छावाह के द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो की सभी ने सराहना की। कच्छावाह ने सभी के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

संस्थान के कोषाध्यक्ष रुपचन्द जी मारोठिया ने सस्थान का वार्षिक तथा त्रैमासिक आय व्यय विवरण पेश किया। महासचिव मुकेश अजमेरा द्बारा मिटिंग की प्रोसिंडिग को लिपीबद्ध किया गया। श्री ताराचंद गहलोत ने संचालन किया। सभी ने जोधपुर विकास पुरूष श्री राजेन्द्र सोलंकी की अग्रिम जमानत पर सभी ने राजेन्द्र सोलंकी को बधाई दी व हर समय साथ देने का संकल्प लिया।



## समाज की युवा बेटी दीपिका सैनी का चयन उत्तरी कोरिया के लिए

सीकर 2अप्रैल । विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर भारती व शिश्यू ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच श्रीमती प्रतिभा सैनी की सुपुत्री दीपिका सैनी का चयन उत्तरी कोरिया के लिए हुआ है सेमसंग कम्पनी की ओर से चयनित होने वाली शेखावाटी सैनी समाज की एक मात्र बालिका है जो उत्तरी कोरिया में कम्पनी का प्रतिनिधित्व करेगे वे वहां एक माह रह कर प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी तथा कम्पनी की अनेको योजनाओं व तकनीकी का गम्भीरता से अध्ययन करेगी।

माली सैनी संदेश परिवार दीपिका को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है। दीपिका वर्तमान मे नोएडा मे साफ्टवेयर ड़वलर इंजिनीयर के पद पर कार्यरत हैं

## हार्दिक बधाई



**श्री दिनेश कुमार सैनी** को दोसा मे कस्टम इस्पेक्टर बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलमयी शुभकामनाऐ ।

## इस जन्म में माता पिता की सेवा नहीं करते है, वे कभी सुखी नहीं होते है - भाटी



उज्जैन। जो व्यक्ति इस जन्म में माता पिता की सेवा नहीं करते है वे कभी सुखी नहीं होते है, मां बाप की सेवा करने से सारी जिन्दगी पर्यन्त दुख नहीं आता है नहीं किसी प्रकार की जीवन में अड़चने भी नहीं आती है माली संथन व कछावा परिवार ने अपने माता पिता की 60वीं वर्षगांठ पर जो कार्यक्रम रखा है हमारे समाज के लिए एक अच्छा प्रसास है उक्त बात मारवाड़ी माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष करते है 9 फरवरी 2017 को विष्णु वाटिका पीपलीनाका में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज के चित्र पर माल्याप्रण दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पण्डित दिनेशजी नागर ने 21 बटुकों के साथ मंत्रोचारकर माता पिता श्री भेरूलालजी कछावा माता आनंदीदेवी कछवा के चरणों को गंगाजल से चरणोदक (धोकर) पूजन कर परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर माली समाज इन्दौर के अध्यक्ष व कार्यकारिणी द्वारा माता पिता को रामायण भेंट कर व आशीर्वाद प्राप्त किया। शिवनारायण गहलोत इंदौर परिवार ने चांदी के गणेशजी भेंटकर युवा सत्संग समिति ने तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मालीपुरा के समाजबंधुओं ने पिताश्री को साफा पहनाकर आये हुए सभी मेहमानों व समाज बंधुओं का आशीर्वाद लिया।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा

श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर

श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.स. सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौ. चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
**श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत**
श्री मदनलाल(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान,
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
श्री महेश गहलोत (सी.ए.), जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है**

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

**सदस्यता राशि**

**दो वर्ष रु. 400/-** | **पांच वर्ष रु. 900/-** | **आजीवन रु. 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 9828247868

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# महात्मा फूले की 190वीं जयंति पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां


भरतपुर


जैसलमेर





बूंदी


झालावाड़


इंदौर


मदनगंज किशनगढ़


जालोर


तारानगर


खींवसर





Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19









Your Personal Home Maker

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

Vineet Gehlot

shrigehlothandloom@gmail.com

श्री GEHLOT HANDLOOM

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198

स्वत्वाधिकारी संपादक/मालिक/प्रकाशक/मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर -7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर ( राजस्थान ) से प्रकाशित।
फोन : 94144 75464, हेल्प लाईन : 9828247868
ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR